हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 23 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .5 डिग्री

11 डीटीपी ने अवैध होटल व दो दुकानों को किया जमींदोज ...



12 मादक पदार्थों की तस्करी के मुख्य स्रोत तक शिकंजा कसने का पूरा प्रयास करें पुलिस टीमः एसपी



DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
सुनहरा अवसर
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
आप सभी के लिए
100 गज का प्लाट मात्र
1 लाख में* लक्की ड्रा के तहत
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### बैंक से धोखाधड़ी के दो आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पंजाब नेशनल बैंक के पास जमीन रहन रखने के बाद केसीसी लोन लेने व बाद में रहन जमीन बेचने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बैंक मैनेजर कृष्ण कुमार की शिकायत पर गत वर्ष 14 अगस्त को संतोष कॉलोनी में रहने वाले सतपाल व उसके भाई बिरेंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने की थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार करने के बाद तफ्तीश में शामिल किया है।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने निगानियावास निवासी कुलानंद के बयान पर कई लोगों के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया था। शादी समारोह में हुए विवाद के बाद परिवार पर हमला करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में गुरूग्राम के नानूकलां निवासी अंकुर को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सेक्टर-6 थाना एरिया में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 23 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद राजस्थान के अलवर जिला के गांव सैदपुर निवासी नितिन दायमा को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को तफ्तीश में शामिल करते हुए पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### ऑफिस के बाहर से बाइक चोरी

**कसोला।** कसोला थाना क्षेत्र स्थित ऑफिस के बाहर से चोर बाइक चुरा ले गए। तैलागांव पांचुडाला जयपुर राजस्थान निवासी मोनू कुमार योगी ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि उसने 23 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे शिव एंटरप्राइजेज ऑफिस सेक्टर गांव चिरहाड़ा के सामने मोटर साइकिल खड़ी की थी। जब 26 फरवरी को आकर देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### मकान तोड़ते समय बीम गिरा, युवक की मौत

**रेवाड़ी।** गुरावड़ा में एक पुराना मकान तोड़ते समय बीम गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। रोहड़ाई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार राजपाल के बेटे 35 वर्षीय राहुल ने गांव में एक पुराना खरीदा था। मकान को नए सिरे से बनाने के लिए तोड़फोड़ का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान एक बीम राहुल के सिर पर गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां कार्य कर रहे लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया।

## तीन बार एसोसिएशन में पांच पदों के 27 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

# चौबीस सौ अधिवक्ता आज चुनेंगे अपने 'तीन बॉस' रेवाड़ी, बावल व कोसली में मिलेगा नया लीडर

- रेवाड़ी में चार, कोसली में पांच व बावल में दो के बीच प्रधानी का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली/बावल

जिले में रेवाड़ी, बावल व कोसली के बार एसोसिएशन के चुनाव 28 फरवरी को होने जा रहे है। रेवाड़ी बार एसोसिएशन से प्रधान, उप प्रधान, सचिव, सह सचिव व कोषाध्यक्ष पदों के लिए 14 उम्मीदवार, कोसली बार से प्रधान पद के लिए पांच व उप प्रधान पद के लिए दो प्रत्याशी तथा बावल बार से प्रधान पद, उप प्रधान व सह सचिव पद के लिए दो-दो उम्मीदवार मैदान में है, जबकि बावल बार में सचिव व कोषाध्यक्ष तथा कोसली बार में सचिव, सह सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक नाम होने के कारण प्रत्याशी निर्विरोध चुने जा चुक है। जिले की तीनों बार एसोसिएशनों में 2404 अधिवक्ता मतदान करेंगे। बार चुनाव के लिए चुनाव समितियों की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। मतदान का समय सुबह 8 से शाम 4 बजे तक रहेगा। इसके उपरांत मतगणना करके परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग वर्जित

चुनाव समिति के सदस्य एडवोकेट अश्वनी तिवारी, सतीश डागर, चरण सिंह, शमशेर सिंह यादव, चंदन सिंह यादव व नरेश कुमार यादव ने बताया कि मतदान कक्ष में मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग वर्जित है। मतदान के लिए बार काउंसिल या बार एसोसिएशन की आईडी लाना अनिवार्य है। मतदान के लिए 15 ईवीएम मशीनें मंगवाई गई है। रेवाड़ी बार में चुनाव के लिए तीन बूथ बनाए गए है। मतदाताओं की सुविधा के लिए चेंबर बिल्डिंग में मतदाता सूची भी लगाई गई है। मतदान के दौरान पुलिसकर्मी भी तैनाते रहेंगे। मतदान प्रक्रिया की वीडियोंग्राफी भी कराई जाएगी। पहले बूथ पर मतदाता संख्या 1 से लेकर 600 तक तथा बूथ संख्या-2 पर 601 से लेकर 1200 तक तथा बूथ संख्या-3 पर 1201 से 1876 तक के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।



रेवाड़ी। रेवाड़ी बार रूम में चुनाव की तैयारी करते हुए चुनाव समिति। फोटो :हरिभूमि

### बावल बार में सचिव व कोषाध्यक्ष निर्विरोध

रेवाड़ी बार एसोसिएशन चुनाव में 372 अधिवक्ता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। बावल बार के चुनाव अधिकारी राहुल जोशी ने बताया कि प्रधान पद के लिए प्रीतम ढिल्लों व स्वयंबर जाट, उप प्रधान पद के लिए नितेश कुमार व सरिता तथा संयुक्त सचिव पद के लिए जयपाल और लव भारद्वाज मैदान में है, जबकि सचिव पद के लिए सुनील कुमार व कोषाध्यक्ष पद के लिए गोविंद सिंह निर्विरोध चुने जा चुके है।

### रेवाड़ी में इन प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

रेवाड़ी बार एसोसिएशन चुनाव में 1876 अधिवक्ता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। रेवाड़ी बार में प्रधान पद के लिए गजराज सिंह, शमशेर सिंह यादव, सुजान सिंह और विश्वामित्र यादव, उप प्रधान पद के लिए सत्यपाल, सुमन यादव, विजय सिंह यादव, सचिव पद के लिए मनोज कुमार, रमेश कुमार, सुखराम, सह सचिव पद के लिए मोनू कुमार, सपना कुमारी, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए चिराग शर्मा और रोहित यादव मैदान में है। रेवाड़ी बार एसोसिएशन से प्रधान पद के प्रत्याशी सुजान सिंह ने विश्वामित्र को समर्थन दे दिया है।

### कोसली बार में प्रधान पद के पांच प्रत्याशी

कोसली बार एसोसिएशन चुनाव में 156 अधिवक्ता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। कोसली बार के चुनाव अधिकारी बिक्रम सिंह लांबा और हरपाल सिंह ढिल्लों ने बताया कि प्रधान पद के लिए विनय कुमार, जयकिशन ढिल्लों, भजन लाल, जयभगवान और युद्धवीर सिंह, उप प्रधान पद के लिए मनोज कुमार और सतप्रकाश के बीच मुकाबला है, जबकि सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक यादव, मंदीप सिंह मानवेंद्र और रवि कुमार के एक-एक नामांकन आने पर तीनों का निर्विरोध चुना जाना तय है।



रेवाड़ी। रेवाड़ी से प्रधान प्रत्याशी विश्वामित्र यादव,शमशेर सिंह यादव,गजराज सिंह,स्वंयबर जाट।



बावल से प्रधान प्रत्याशी प्रीतम सिंह ढिल्लों।



रेवाड़ी। कोसली से प्रधान प्रत्याशी जयकिशन ढिल्लों।



रेवाड़ी। कोसली से प्रधान प्रत्याशी भजनलाल।



रेवाड़ी। कोसली से प्रधान प्रत्याशी विनय कुमार।



रेवाड़ी। कोसली से प्रधान प्रत्याशी युद्धवीर सिंह, कोसली से प्रधान प्रत्याशी जय भगवान।



# साइबर ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने लगभग 13.40 लाख रुपये की साइबर ठगी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत वर्ष मार्च माह में साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में शुक्रपुरा निवासी ईश्वर ने बताया था कि उसने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट देखी थी, जिसमें शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के बदले मोटा मुनाफा कमाने की बात कही गई थी। पोस्ट पर क्लिक करने पर वह कारोबार के सिलसिले में ज्वाइन हो गया। बाद में वह वेल्थ ड्राइवर-13 ग्रुप से जुड़ गया। एडमिन से चैट पर बात हुई तो उसने बताया कि वह लोगों को कारोबार के माध्यम से जोड़ते हैं और उन्हें मोटा काफी आय प्रदान करते हैं। उसकी ओर से भेजे गए लिंक पर क्लिक करने के बाद वह एक अन्य ग्रुप में शामिल हो गया। लिंक के माध्यम से उसका डीमेट अकाउंट एक्टिव कर दिया गया। इसके बाद उसने बैंक खातों से लगभग 13.40 लाख रुपये इन्वेस्ट कर दिए। जब उसने पैसे निकलवाने का प्रयास किया, तो उसके पैसे नहीं निकले। ग्रुप एडमिन से संपर्क करने पर उसने पैसे निकलवाने के लिए और राशि जमा कराने के लिए कहा। इसके बाद उसे साइबर ठगी का पता चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।



रेवाड़ी। ठगी का आरोपी त्रिभुवन,अशोक कुमार

### दिल्ली के रोहिणी से पकड़े दो आरोपी

साइबर थाना पुलिस ने दिल्ली के रोहिणी के सेक्टर-1 निवासी अशोक कुमार व सेक्टर-20 निवासी त्रिभुवन को रोहिणी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। अशोक ने पूछताछ में बताया कि वह साइबर ठगों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निकलवाई गई सिम उपलब्ध कराता था, जबकि त्रिभुवन बैंक खाता धारकों और साइबर ठगों के बीच दलाल की भूमिका निभाता था। इसके बदले वह साइबर ठगों से कमिशन वसूल करता था। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# दुकान से नकदी चोरी मामले में दो आरोपी काबू, कैश व बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अनाज मंडी में एक चाय के खोखे से 10 हजार रुपये चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।26 फरवरी को पुलिस शिकायत में कंपनी बाग निवासी नवीन भारद्वाज ने बताया था कि उसने अनाज मंडी में एक खोखे में चाय की दुकान की हुई है। उसकी दुकान पर यूपी के गाल पुंडरी निवासी अर्जुन को काम पर रखा हुआ है। उसने उधार दिए हुए 10 हजार रुपये गल्ले में लाकर रखे थे, जिनके बारे में अर्जुन को बताकर वह किसी काम से चला गया। वापस आने पर उसे नकदी गायब मिली। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर एक युवक गल्ले से पैसे चुराते हुए नजर आया। फुटेज पुलिस को मुहैया कराई थी, जिसके आधार पर मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए बालावास अहीर निवासी इंद्रजीत व सचिन को काबू कर लिया। कब्जे से 9700 रुपये व बाइक बरामद की गई है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी से दुकान पर चोरी करने वाले आरोपी, दुकान के गल्ले से रुपये निकालता आरोपी। फोटो :हरिभूमि

**मौसम** दो दिन तक परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम, हल्की बरसात के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना

# मौसम में बदलाव के साथ गिरा पारा, कई इलाकों में हुई बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फरवरी माह के अंत में मौसम में एक बार फिर बदलाव आया है। आसमान में बादलों के साथ कई इलाकों में बूंदाबांदी होने से दिन का तापमान गिर गया है, जबकि रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता के बाद मौसम में बदलाव आया है। सप्ताह के अंत तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। बादलों के साथ हल्की बरसात या ओलावृष्टि की संभावना जताई जा रही है। अगले सप्ताह से मौसम साफ होने के आसार हैं। बीते बुधवार को शाम के समय गहरे बादल छा गए थे। वीरवार सुबह जिले के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहने से दिन के समय मौसम ठंडा हो गया। अधिकतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस गिरकर 23.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 17.5 पर पहुंच गया। हवा में नमी का स्तर 55 फीसदी तक रहा, जबकि 14 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। तापमान बढ़ने से रात के समय ठंड का असर काफी कम हो गया है। मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। शाम तक बादल छाए रहने के कारण बारिश की संभावना बनी हुई थी। मार्च माह के पहले सप्ताह से ही सर्दी की विदाई का समय आ सकता है। गर्म कपड़ों से जल्द छुटकारा मिल जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार 2 मार्च तक आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान हल्की बरसात के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। इसके बाद मौसम साफ होने की संभावना है। तापमान में उतार-चढ़ाव भी लगातार बना रह सकता है।



रेवाड़ी। वीरवार को दिनभर छाए रहे बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

### बढ़ रही किसानों की धड़कन

इस समय रबी की प्रमुख फसल गेहूं और सरसों पकाव की ओर हैं। मौसम बदलने से गेहूं की फसल से दीमक का खतरा कम हो गया है। सरसों की फसल भी मौसम अनुकूल रहने के कारण अच्छा उत्पादन दे सकती है। इस समय आसमान में छाने वाले बादल किसानों की धड़कन बढ़ाने का काम रहे हैं। मौसम विभाग ने कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की आशंका भी जताई है। अगर इस समय ओलावृष्टि होती है, तो उससे किसानों की अच्छे फसल उत्पादन की उम्मीदों पर तुषारापात हो सकता है। तेज हवाओं के साथ होने वाली बारिश भी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा सकती है।



### करनावास के दिलबाग अखिल भारत हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**रेवाड़ी।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा व सतीश रावत प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा ने गांव करनावास निवासी दिलबाग को अखिल भारत हिंदू महासभा का जिला प्रधान नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर दिलबाग ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। वह महासभा को मजबूती प्रदान करते हुए राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा, जीवन रक्षा व राजनीति के हिंदूकरण कार्यों में सहयोग देते हुए संगठन को सुदृढ़ बनाएंगें। वे निकट भविष्य में हिंदू महासभा के अर्न्तगत कार्य करते हुए हिंदुत्व के प्रचार-प्रसार के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करेंगे।

## खबर संक्षेप

### भारतीय हिंदू महासभा की कार्यकारिणी का गठन

**नांगल चौधरी।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश रावत की अध्यक्षता में संगठन की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश कार्यकरिणी का विस्तार किया गया। इस दौरान भारतीय संस्कृति के अनुसरण व प्रत्येक घर में गोपालन के जागरूकता अभियान की रूपरेखा बनाई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को गांव वाइज टीम का गठन करके समाज व राष्ट्रहित में योगदान देने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बिरेंद्र सिंह भाटी को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, शीशराम गुर्जर पुत्र रणबीर को सीनियर उपाध्यक्ष, राजकुमार पुत्र घीसाराम को उपाध्यक्ष, रामप्रसाद पुत्र रामस्वरूप को संगठन मंत्री का दायित्व दिया गया।

### बाबा मुकुंददास गोशाला का वार्षिकोत्सव आज

**नांगल चौधरी।** बाबा मुकुंददास गोशाला में 28 फरवरी को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चौधरी बैजनाथ चेरीटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन गोविंद चौधरी की अध्यक्षता में होगा। जिसमें भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौ. धर्मबीर मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को गौसेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। कमेटी के सचिव प्रमोद वत्स ने बताया कि वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सुबह 11:15 बजे होगा। जिसमें हरियाणा गोसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूर्णचंद यादव लोहचब, प्रेमचंद भजनका बवानी खेड़ा, अशोक चौधरी बतौर वशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणवी गायक कलाकार नरदेव बेनिवाल एंड पार्टी भजनोपदेश देगी।

### कनीना में बाबा मोलड़नाथ का मेला 10 मार्च को

**कनीना।** कनीना में 10 मार्च को आयोजित होने वाले बाबा मोलड़नाथ के मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस मेले में उंट व देसी घोड़ी दौड़ मुख्य आकर्षण होता है। सुभाष यादव व सूबेदार रणवीर सिंह ने बताया कि बाबा मोलड़नाथ की 74वीं स्मृति में फाल्गुन शुदी एकादशी को आयोजित होने वाले मेले में खेलकूद प्रतियोगिता सहित भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नौ मार्च रात्रि को फुटबॉल मैदान में जागरण होगा। जिसमें गायक कलाकार प्रीति चौधरी, आरती जांगड़ा, जयप्रकाश, गोवंद खांडा धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देंगे।

### मिर्जापुर बाछौद में मेला और भंडारा कल

**मंडी अटेली।** बाबा हनुमान जी का मेला एवं भंडारा मिर्जापुर बाछौद में एक मार्च को आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में प्रतियोगिता में प्रो कबड्डी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जानकारी देते हुए सरपंच संजय बागड़ी, सरपंच दिलबाग सिंह ने बताया कि मिर्जापुर बाछौद में मिति फुलेरा दौज पर बाबा हनुमान जी का मेला एवं भंडारा हनुमान मंदिर सुबह हवन व सुंदरकांड पाठ व भंडारा लगाया जाएगा। उसके बाद पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता करवाई जाएगी, जिसमें प्रथम विजेता टीम को 51 हजार एवं द्वितीय विजेता टीम को 31 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके साथ बेस्ट रेडर व बेस्ट कैचर को 2100 रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### कोसली बाईपास से 6 मार्च तक अवैध निर्माण हटाने के आदेश

# डीटीपी ने अवैध होटल व दो दुकानों को किया जमींदोज, मालिकों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

डीटीपी की ओर से जिले में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनियों व निर्माणों पर एक सप्ताह से लगातार कार्रवाई की जा रही है। डीटीपी की टीम पुलिस बल के साथ अवैध निर्माणों को तोड़ने का कार्य कर रही है। वीरवार को डीटीपी की ओर से कोसली में किए गए अवैध निर्माणों को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। डीटीपी की टीम ने कोसली बाईपास पर बने दो मंजिला ओयो होटल व दो दुकानों को जमींदोज कर दिया। होटल संचालक ने डीटीपी की कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन डीटीपी की कार्रवाई जारी रही। वीरवार को डीटीपी की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस के साथ कोसली के भाखली-झज्जर बाइपास पर पहुंची तथा बिना अनुमति के अवैध रूप से बनाई गई दो दुकानों व 1 ओयो होटल पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी ने बाईपास पर बने अवैध निर्माणों के मालिकों को कारण बताओ नोटिस दिए है तथा उन्हें 6 मार्च तक अवैध निर्माणों को स्वयं हटाने व खाली करने के निर्देश भी दिए है। इसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी।



रेवाड़ी। अवैध दुकान तोड़ती जेसीबी व मौजूद पुलिस। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। कोसली में अवैध दुकान तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। कोसली में अवैध होटल तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों में पैसा खराब न करें

डीटीपी राजेंद्र टी शर्मा ने बताया कि जुलाई 2022 के बाद बसी सभी अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले की सभी कालोनियां नियमित होने के प्रक्रिया में हैं। कार्रवाई के दौरान कोसली पुलिस के एसआई रामचंद्र भी अपनी टीम के साथ मौजूद थे। डीटीपी टीम की कार्रवाई का मामूली विरोध हुआ, लेकिन टीम ने अपने काम को अंजाम दिया। डीटीपी ने कहा कि आमजन नियंत्रित क्षेत्र में अवैध निर्माण न करें तथा प्लॉट खरीदने से पहले कार्यालय में पूछताछ जरूर करे ताकि विभागीय कार्रवाई एवं आर्थिक नुकसान से बचाव हो सके। डीटीपी ने कहा कि लोग सोच समझ कर प्रॉपर्टी के लिए इनवेस्ट करें। अवैध कॉलोनियों में पैसा खराब न करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

## नशा मुक्त भारत अभियान एक महत्वपूर्ण कदमः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नशा मुक्त भारत अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार भी युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के लिए विभिन्न योजनाएं व कार्यक्रम चला रही है। जिला प्रशासन के सभी अधिकारी इस पर लगातार फोकस रखें। यह निर्देश वीरवार को उपायुक्त डा. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में नशा मुक्त भारत अभियान व एनकोर्ड के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक में दिए। डीसी ने बताया कि यह अभियान सरकार, सामाजिक संगठनों और नागरिकों के सहयोग से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे के कारण होने वाली सामाजिक व आर्थिक समस्याओं को कम करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्रों और पुनर्वास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाए।युवाओं को जागरूक करने के लिए शिक्षण संस्थानों में भी लगातार नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने इस बैठक में बारी बारी से नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में एजेंडा प्रस्तुत किया।

### शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में एथलीट मीट आज

***नांगल चौधरी।*** *शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज में 28 फरवरी को एथलीट का शुभारंभ प्राचार्य डा. अनिल यादव की अध्यक्षता में होगा। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य डा. अनिल यादव ने बताया कि एथलीट मीट में लोंग जंप, हाई जंप, दौड़, भाला फैंक, रिले रेस, ज्वैलियन थ्रो समेत विभिन्न स्पर्धा शामिल हैं।*

## विद्यार्थियों को ऊर्जायुक्त रहने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल के तत्वावधान में होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल आनंद नगर में संस्कार निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नई दिशा युवा मंच के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव व युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि बालक प्रह्लाद की बालपन से ही प्रभु चरणों में अविरल भक्ति थी। उनके पिता हिरण्यकश्यप कहते थे कि मैं भगवान हूं। भक्त प्रह्लाद का भगवान विष्णु की भक्ति में विश्वास था। हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को वरदान था कि अग्नि उसे भस्म नहीं कर सकती। होलिका भक्त प्रह्लाद को मारने की योजना बनाकर अपनी गोद में बैठाकर अग्नि में बैठ गई। भक्त प्रह्लाद अग्नि में बैठ कर श्री हरि का सिमरन करने लगे। परिणाम यह हुआ कि होलिका जल कर राख हो गई और भक्त प्रह्लाद सकुशल रहें। भक्त प्रह्लाद के विश्वास की जीत के उपलक्ष्य में ही होली का त्योहार मनाया जाता हैं। प्राचार्य सुरेश यादव ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी अपनी गतिविधियों से जिले का नाम ऊंचा कर रहे हैं। उपप्रधान संजीव आर्य ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दिनों में ऊर्जायुक्त रहने के उपयोगी टिप्स दिए। प्रधान कपूर ने विद्यार्थियों से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए व होनहार विद्यार्थियों को उपयोगी साहित्य प्रदान किया। संस्था की ओर से स्कूल को शहीद ए आजम भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, भगवान शिव व राधा-कृष्ण के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी चमनलाल, हिमांशु पिपलानी, शिक्षिका बबीता, पूजा, रश्मि, किरन, तमन्ना, रेनू, पूनम, सुमन, गुंजन व ज्योति मौजूद थे।



रेवाड़ी। बच्चों को साहित्य भेंट करते हुए संस्था सदस्य। फोटो हरिभूमि

## भारत निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय सम्मेलन 4 मार्च से

- सम्मेलन में चुनाव अधिकारियों के लिए विचार-मंथन होगा
- एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने को भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वर्तमान परिपेक्ष्य में चुनाव प्रबंधन, आईटी समावेश, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया, चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों व अन्य हितधारकों की वैधानिक भूमिकाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली में 4 और 5 मार्च को होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ-साथ जिला निर्वाचन अधिकारी और चुनावी पंजीकरण अधिकारी भी शामिल होंगे।



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि वैधानिक प्राधिकरण के रूप में, सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं। दो दिवसीय सम्मेलन में चुनाव अधिकारियों के लिए विचार-मंथन और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने के लिए भी मिलेगा। सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा होगी, जिसमें आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ाना और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है। दूसरे दिन राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ पिछली बैठक की विषयगत चचार्ओं पर अपनी-अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

## माजरा एम्स में ओपीडी की मांग




रेवाड़ी। चंडीगढ़ में प्रदर्शन करते एम्स संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- एमबीबीएस कक्षाओं की मांग को लेकर चंडीगढ़ में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एम्स संघर्ष समिति मनेठी माजरा एम्स में ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं शुरू कराने की मांग को लेकर आंदोलन करने की तैयारी कर रही है। एम्स संघर्ष समिति के सदस्यों ने समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद के नेतृत्व में चंडीगढ़ में धरना-प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के ओएसडी राकेश सिंधु को माजरा एम्स में ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं शुरू कराने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

इस मौके पर समिति के सचिव ओमप्रकाश सैन व प्रवक्ता कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि आगामी 2 मार्च को एम्स संघर्ष समिति की बैठक मनेठी उपतहसील में आयोजित की जाएगी, जिसमें आंदोलन की आगामी रूपरेखा बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि जब तक माजरा एम्स में ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू नहीं होंगी, तब तक एम्स संघर्ष समिति का संघर्ष जारी रहेगा।

## 'रेजांगला वॉर-दिवाली बासठ की' का मंचन

- बंजारा संस्था के कलाकारों ने अभिनय से किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सांस्कृतिक संस्था बंजारा की ओर से गांव जाटूसाना की ढाणी स्थित कैलाशपुर में भारत चीन के बीच 1962 में हुए रेजांगला युद्ध पर आधारित नाटक 'रेजांगला वॉर-दिवाली बासठ की' का मंचन किया। शहीद फाउंडेशन के अध्यक्ष तथा नाटक के निर्माता मेजर टीसी राव की अध्यक्षता में आयोजित नाट्य संध्या में बॉलीवुड अभिनेता तथा वरिष्ठ रंगकर्मी विजय भाटोटिया के निर्देशन में करीब एक दर्जन कलाकारों ने अभिनय किया। साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया के संवादों तथा गीतों से सजे अहीरवाटी बोली के नाटक में बूटा सिंह का संगीत रहा। नाटक में विजय भाटोटिया के अलावा देवेंद्र सिंह, पुनीत कुमार, मयंक सैनी, योगेश कौशिक, गोविंद, धीरज शर्मा, प्रतीक गर्ग, रविंद्र, गजानंद, रजनी, केशव, सन्नी व विनय सैनी के जीवंत अभिनय ने सभी को भावविभोर किया।इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद् से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कोरियोग्राफर लीला सैनी व साध्वी पुष्पा शास्त्री ने नाटक को देशभक्ति एवं बलिदान का जीवंत दस्तावेज बताया। मुंबई से आए सुरेश यादव ने भविष्य में नाटक का मंचन मुंबई में कराने का प्रस्ताव भी रखा।




रेवाड़ी। जाटूसाना की ढाणी में नाटक का मंचन करते कलाकार।

कैलाशपुर में पिछले पांच दिनों से चल रहे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र सर्व देव मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दैनिक पूजा-अर्चना, सर्व देव कलश यात्रा, कृष्ण रासलीला, महायज्ञ, प्राण प्रतिष्ठा, प्रसाद वितरण, खेलों का आयोजन व नाट्य मंचन के साथ महोत्सव का समापन हो गया, जिसमें हजारों धर्म प्रेमियों, साधु संतों, विचारकों, खिलाड़ियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। ग्राम पंचायत की ओर से मेजर राव का पगड़ी पहनकर स्वागत किया गया। आयोजन समिति की ओर से मेजर राव ने पांच दिवसीय समारोह की संयोजन समिति तथा अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर कमलेश राव, सुरेंद्र कुमार, नवनीत प्रताप सिंह, नवदीप प्रताप सिंह, रविंद्र आशावादी व सूबेदार मेजर अमर सिंह यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर हुआ प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन

# समाज को संगठित व शिक्षित होने की जरूरत तभी सफलता मिलना निश्चित : डा. सुरेन्द्र

युवाओं को राजनीति में उतरना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर केएलपी कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डा. सुरेंद्र पाल ने अहिल्यादेवी होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकमाता पुण्यश्लोका के योगदान को समग्रता के साथ समझने के लिए उनके अन्तर्बोध और जीवन मूल्यों को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उनकी राजशाही में लोकतांत्रिक परंपराओं की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने 300 वर्ष पूर्व महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। अहिल्यादेवी भारतीय नारी के अदम्य साहस और संघर्षशीलता की प्रतीक हैं, जिन्होंने 28 वर्ष तक मालवा पर शासन कर यह सिद्ध किया कि भारतीय महिलाओं की क्षमता का न केवल सम्मान था, बल्कि उन्हें समान अवसर भी प्राप्त हुए। अहिल्याबाई होल्कर संघर्षशील, क्रांतिकारी, दयालु व धार्मिक प्रकृति की शासक रहीं थीं। उन्होंने जीवन में संघर्ष के साथ समाज का उत्थान करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए हर इंसान को अपनी मर्यादा के अनुसार कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित एवं शिक्षित होने की आवश्यकता है, तभी सफलता निश्चित है। यदि समाज की तरक्की चाहिए तो युवाओं को संगठित रहने के साथ राजनीति में उतरना होगा। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने विचार रखे।





रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अनेक संगठनों के सदस्य व कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मुख्य अतिथि डा. आंचल जैन ने महिलाओं की ओर से उद्योग चलाने के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षा पद्मश्री दीपा पैरालंपियन ने खेलों में महिलाओं के योगदान पर बल दिया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि बनारसी देवी ने कहा कि महिलाएं घर के कार्यों के साथ-साथ लघु उद्योग, खेती व पशु पालन करके भी परिवार में सहयोग कर सकती है। इस मौके पर अहिल्या देवी की जीवनी पर प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका शुभारंभ विशिष्ट अतिथि एडीसी अनुपमा अंजलि व साध्वी दीपांकरा भारती दिव्य जागृति संस्थान ने किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ रामबाबू यादव, सह संयोजक संजय डाटा व सहसंयोजिका निधि गौतम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन को लेकर दो दिवसीय सम्मेलन 4 व 5 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन को लेकर चुनाव आयोग ने चार व पांच मार्च को नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करने जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. विवेक भारती ने बताया कि यह सम्मेलन भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।इसमें सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। चुनाव आयोग के अनुसार पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ व एक ईआरओ को नामित करें। सीईओ, डीईओ, ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं। दो दिवसीय सम्मेलन निर्वाचन अधिकारियों को विचार मंथन और एक दूसरे के अनुभवों से परस्पर सीखने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा होगी। जिसमें आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संवाद, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ावा और निर्वाचन प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है। सम्मेलन के दूसरे दिन राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ पिछले दिन की विषयगत चर्चाओं पर अपनी अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

**खबर संक्षेप**



रेवाड़ी। कोसली से खाटूधाम के लिए रवाना होता श्रद्धालुओं का जत्था।

### कोसली से श्याम भक्त खाटूधाम के लिए रवाना

**कोसली।** कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र से फाल्गुन मास में खाटू श्याम मेले में भाग लेने के लिए 11 लोगों का एक जत्था शुक्रवार को रवाना हुआ। श्री श्याम सेवा मंडल के प्रधान भोलाराम सिंगला ने जत्थे को झंडी दिखाकर रवाना किया। कोसली क्षेत्र से हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु श्री श्याम निशान के साथ पैदल खाटू श्याम की यात्रा करते हैं। जत्थे में शंकर गर्ग, शुभम मंगल, सचिन, गौरव गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, मुकेश जांगड़ा, दीपक गर्ग, मोहित सिंगला, हर्ष सिंगला, वंश बंसल व लक्ष्य गर्ग रवाना हुए। इस मौके पर श्री श्याम सेवा मंडल के ईश्वर गर्ग, मोनू बंसल, सतीश, नदिया, पंकज गुप्ता प्रमोद गर्ग, तेजपाल गर्ग, अमित गर्ग व सुमित गर्ग सहित अनेक महिलाएं मौजूद थीं।

### महिला की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार हसनपुर निवासी पीड़ित महिला पुष्पा देवी ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि गत 26 फरवरी को महासर निवासी सचिन उसके घर छिप रहा था। वह अन्दर गई तो उसे कुछ तख्त के नीचे कुछ आवाज सी महसूस हुई।

### वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** नेशनल हाइवे नंबर 148-बी पर सिरोही बहाली टोल प्लाजा के पास वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिसके कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। नांगल चौधरी थाना के एसएचओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की नांगल चौधरी टोल के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।

### 9वीं वार्षिक दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में दो दिवसीय 9वीं वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा लोक सेवा आयोग एचपीएससी की सदस्य ममता यादव रही। महाविद्यालय के प्राचार्या डा. प्रवीण यादव व समस्त स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

**समीक्षा बैठक:** पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने दिखाए कड़े तेवर

# तस्करी के मुख्य स्रोत तक शिकंजा कसने का पूरा प्रयास करे पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता की अध्यक्षता में वीरवार को जिला पुलिस लाइन के मीटिंग हाल में जिले के सभी डीएसपी, इंचार्ज अपराध शाखा, थाना प्रबंधकों और चौकी प्रभारियों की जिला स्तरीय अपराध व कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मयंक गुप्ता ने कहा कि अपराध को नियंत्रण करने के लिए सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी लगातार प्रयास करते रहे ताकि जिले में अपराध पर पूरी तरह शिकंजा कसा जा सके। एसपी ने कहा कि पुलिस अधिकारी नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में और तेजी लाएं तथा आमजान के सहयोग से नशा बेचने वालों की सूचना प्राप्त कर कड़ी कार्रवाई करें। पुलिस टीम सभी मादक पदार्थो की तस्करी के मुख्य स्रोत तक शिकंजा कसने का पूरा प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ तेज की जाए तथा अदालतों में चल रहे मुकदमों की बेहतर ढंग से पैरवी की जाए ताकि अपराध करने वाला आरोपी किसी भी सूरत में सजा से न बच सके। पुलिस टीम महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को भी गंभीरता से लेकर तुरंत कार्रवाई करें।





रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एसपी डा. मयंक गुप्ता।

#### काम में कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं

एसपी डा. गुप्ता ने कहा कि सभी थाना एवं क्राइम यूनिट प्रभारियों के कामकाज की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। इसलिए अपराध और अपराधियों खिलाफ शिकंजा कसने के लिए नए लक्ष्य निर्धारित कर पूरा करें। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा, लेकिन भ्रष्टाचार, काम में लापरवाही व कोताही बरतने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। एसपी ने जिले में हुए अपराधों के अनसुलझे मामलों की भी बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने आर्थिक अपराध और धोखाधड़ी के मामलों, लूट व चोरी की घटनाओं, आपराधिक छवि के व्यक्तियों की निगरानी, अवैध हथियार और मादक पदार्थ तस्करों पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। एसएचओ ट्रैफिक शहर के यातायात पर विशेष ध्यान दें।

#### प्रभावी ढंग से गश्त कराने के दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को समय-समय राइडर व पीसीआर की चेकिंग करने और उन पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से प्रभावी ढंग से गश्त कराने के भी निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पुलिस टीम सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, बुलेट पटाखा फोड़ने वालों व ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंगबाजी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। सभी थाना प्रभारी आपराधिक प्रवृत्ति व असामाजिक तत्वों को हर हाल में सलाखों के पीछे डालने का काम करें। मौके पर डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी कोसली विद्यानंद व डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर सहित थाना प्रबंधक,चौकी इंचार्ज, सीआईए इंचार्ज व सभी एसपी कार्यालय इंचार्ज मौजूद थे।



रेवाड़ी। एसडीओ डॉ राजबीर सिंह के साथ स्टाफ सदस्य व पशुपालक।

## दुग्ध प्रतियोगिता में तीन गायों को मिला इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

- राजकीय पशु चिकित्सालय नाहड़ में तीन दिवसीय प्रतियोगिता हुई

राजकीय पशु चिकित्सालय नाहड़ में तीन दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों ने तीन हरियाणा नस्ल की गायों के साथ हिस्सा लिया। तीनों गायों ने प्रतियोगिता की उच्च श्रेणी में स्थान बनाते हुए 25-25 हजार रुपये प्रति प्रोत्साहन राशि जीती। प्रतियोगिता में पशुपालक नाहड़ के विपिन व धर्मेन्द्र यादव तथा कोहारड़ निवासी सरोज देवी ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ जसबीर यादव सर्जन जीवीएच नाहड़ ने सभी पशुपालकों से गायों की नस्ल सुधार की तरफ ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तम नस्ल के पशु पालने की सलाह दी। कार्यक्रम में डॉ राजबीर सिंह एसडीओ पशुपालन एवं डेयरी विभाग कोसली उपस्थित थे। उन्होंने पशुपालकों को सरकार की मिनी डेयरी-हाईटेक डेयरी, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, पशु बीमा योजना, अनुसूचित जाति के पशुपालकों के लिए भेड़ बकरी व सुअर पालन की लोन स्कीम सहित सभी स्कीमों के बारे में जानकारी दी। डॉ राजबीर यादव ने बताया कि कुरूक्षेत्र में 9 से 11 मार्च तक राज्य स्तरीय पशु मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पशुपालक बढ़-चढ़कर भाग लें।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ अजीत, वीएलडीए शशिकांत, वीएलडीए हैप्पी सिंह व अटेंडेंट नवीन कुमार सहित अनेक पशुपालक मौजूद थे।

## भाकियू चढ़ूनी ने की जिला कार्यकारिणी भंग, नई कार्यकारिणी का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

किसान भवन में वीरवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर समय सिंह प्रधान ने यूनियन के राष्ट्रीय नेताओं की सलाह पर जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। प्रधान ने कहा कि तीन साल पहले बनी कार्यकारिणी में कुछ सदस्य काम करने में असमर्थ हैं। अब आगामी 5 दिनों में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की नई कार्यकारिणी प्रदेश स्तर के नेताओं व जिला कोर कमेटी की सलाह पर बनाई जाएगी। समय सिंह प्रधान ने बताया कि गांव-गांव अभियान चलाकर यूनियन से नए सदस्य जोड़ें जाएंगे। जिला कोर कमेटी के सदस्य श्यामसुंदर, विरेंद्र सरपंच, कुलदीप करनावास, बाबूलाल कालाका, अनिल जाड़रा, आजाद सरपंच और दक्षिणी हरियाणा के जॉन प्रधान रवि प्रकाश यादव की सलाह से जल्द नई कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। इस मौके पर यूनियन के सदस्यों ने व्यापार मंडल को हड़ताल खत्म करने की चेतावनी दी है। यूनियन के सदस्यों ने कहा कि अनाजमंडी में सरसों की फसल आने वाली है। व्यापारियों की हड़ताल के कारण किसानों का नुकसान हो रहा है।




रेवाड़ी। किसान भवन में मौजूद भाकियू चढ़ूनी के सदस्य।


## विनीत बने एबीवीपी आईजीयू इकाई के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर इकाई की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष, सहमंत्री व परिषद के विभिन्न आयामों से संबंधित नए दायित्व सौंपे गए। युधिष्ठर धनखड़ ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही सामाज हित, राष्ट्र हित व विद्यार्थी हित में कार्य करती आ रही है। जिला संयोजक तरुण यादव ने इकाई घोषणा की।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए इकाई की घोषणा की गई है। इकाई अध्यक्ष का दायित्व आईजीयू विधि विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र विनीत कुमार को सौंपा गया। इसके अलावा इकाई मंत्री हेमंत कुमार, उपाध्यक्ष किशन व निखिल तथा सह मंत्री का दायित्व प्रवेश यादव व राकेश को सौंपा गया। इकाई छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी अनीशा को दी गई।

इसके अलावा अरविंद, शानू, शिक्षा, अंकिता, सात्विक, अंकित, हितेश व कुणाल सहित 45 अन्य कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया।



रेवाड़ी। एबीवीपी आईजीयू इकाई के नव नियुक्त पदाधिकारी व सदस्य।

## आरडीएस गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कालाका रोड स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में वीरवार को प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव की अध्यक्षता में हिंदी विभाग की ओर से विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डा. अशोक कुमार विश्वविद्यालय गुरुग्राम थे। उन्होंने भारतीय काव्यशास्त्र के विषय में जानकारी दी तथा छात्राओं को हिंदी विषय से स्नातकोत्तर करने पर केंद्र सरकार के तथा अन्य रोजगार के अवसरों के विकल्पों के विषय में मार्गदर्शन किया। कॉलेज में एनएसएस ईकाई की ओर से एक दिवसीय एनएसएस कैंप भी आयोजित किया गया। इस अवसर चन्द्रकला, हिंदी विभाग की सह प्रवक्ता डा. चारूरानी व डा. सुमित्रा यादव सहित सभी स्टाफ मौजूद थे।



रेवाड़ी। व्याख्यान में मौजूद शिक्षक व छात्राएं।

## शातिर निकला मोबाइल चोरी का आरोपी मोबाइल के साथ एक स्कूटी भी हुई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने राव अभय सिंह चौक के पास एक समारोह स्थल से मोबाइल फोन चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की गई, तो चोरी की एक स्कूटी भी उसके कब्जे से बरामद हुई। आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में नई अनाज मंडी निवासी अमन गुप्ता ने बताया था कि गत 23 फरवरी को उसकी शादी एक समारोह स्थल में थी। समारोह स्थल के कमरे में उसकी पत्नी अदिती बैठी हुई थी। वह पत्नी के पास अपना मोबाइल फोन छोड़कर बाहर शादी में आए लोगों से मिलने के लिए चला गया। इसी दौरान एक युवक कमरे में जाकर उसका मोबाइल चोरी कर ले गया। समारोह स्थल के सीसीटीवी में युवक फोन चोरी करते हुए नजर आया। पुलिस ने अमन गुप्ता की शिकायत पर केस दर्ज आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी नवीन।

#### पकड़े जाने पर स्वीकार की वारदात

मामले की जांच कर रहे एएसआई विनोद कुमार ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सरस्वती विहार निवासी नवीन को मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करते हुए चोरी का मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि गत 13 जनवरी को उसने पंजाबी मार्केट से एक स्कूटी भी चोरी की थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की स्कूटी भी बरामद कर ली।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय: दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**आज से शुरू होंगी दसवीं की परीक्षाएं**

# पहले दिन बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी की परीक्षा दी, दिखा उत्साह

- दसवीं की परीक्षा में आठ हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में वीरवार से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। पहले दिन बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी की परीक्षा दी। जिले में 44 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा में 7 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। दोपहर साढ़े 12 बजे से शुरू हुई परीक्षा के लिए एक घंटा पहले से ही विद्यार्थी पहुंचना आरंभ हो गए थे, लेकिन कुछ परीक्षा केंद्रों पर रोल नंबर अनुसार बनाए गए सीटिंग प्लान की सूची देरी से चस्पा होने पर विद्यार्थियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। फ्लाइंग स्कवायड की तीन टीमों ने परीक्षा केंद्रों पर जांच की। पहले दिन नकल का कोई मामला नहीं मिला। सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-163 लागू की गई है। परीक्षा केंद्रों के पास की फोटोस्टेट की दुकानें व कोचिंग सेंटर बंद रहे। शहर के मॉडल टाउन स्थित हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर परीक्षा आरंभ होने से करीब आधा घंटा पहले रोल नंबर अनुसार बनाई गई सीटिंग प्लान की सूची चस्पा की गई। ऐसे में परीक्षा केंद्र पर पहुंचे विद्यार्थियों को अपना कमरा ढूंढने के लिए काफी देर इंतजार करना पड़ा। अभिभावकों की आपत्ति दर्ज कराने के बाद केंद्र पर 12 बजकर चार मिनट पर सीटिंग प्लान की सूची चस्पा की गई।





रेवाड़ी। हिंदू स्कूल में परीक्षा देने पहुंची बारहवीं की छात्राएं व हिंदू स्कूल में सूची में अपना कमरा नंबर देखते विद्यार्थी।

#### पहले दिन दसवीं की गणित की परीक्षा होगी

शुक्रवार से दसवीं कक्षा की भी परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। पहले दिन दसवीं की गणित विषय की परीक्षा होगी। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 8212 विद्यार्थी शामिल होंगे। तीन मार्च को दसवीं कक्षा की अंग्रेजी विषय व 4 मार्च को 12वीं कक्षा की फिजिक्स व अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा होगी। परीक्षा अधीक्षक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दुलीचंद ने कहा कि जिले में सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हो गई है। नकल का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। आगे भी परीक्षाओं को नकल रहित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा।



रेवाड़ी। विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि।

### होली गायन प्रतियोगिता में गुजरीवास विजेता और कोसली की टीम बनी उप विजेता

**रेवाड़ी।** गांव छुरियावास के शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के मौके पर देर रात तक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह के समय हवन के बाद खेल मुकाबले आयोजित किए गए। वालीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता में आधा दर्जन टीमें शामिल हुई, जिनमें अंतिम मुकाबला पथरेड़ी और पटौदी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें पथरेड़ी की टीम विजेता बनी। खेल मुकाबलों का शुभारंभ जिला पार्षद मनीराम यादव और एसएचओ विद्यासागर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिला पार्षद मनीराम यादव ने कहा कि युवा किसी देश का भविष्य होते हैं और खेल युवा पीढ़ी को अनुशासन सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में नशा तेजी से फैल रहा है और युवा पीढ़ी को इससे बचाने की सख्त जरूरत है। एसएचओ विद्यासागर ने कहा कि पुलिस प्रत्येक व्यक्ति को इंसाफ दिलाने के लिए तत्पर है और ग्रामीण भी पुलिस को अपना सहयोग देकर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था मजबूत करने में अपना सहयोग दें। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल रायपुर में जिला परिषद के माध्यम से एक रास्ते के निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की आर्थिक सहयोग दिलाने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने होली गायन प्रतियोगिता की विजेता टीम गुजरीवास और उप विजेता टीम कोसली को पुरस्कृत किया।

उन्होंने वालीबॉल शूटिंग की विजेता और उप विजेता टीमों को भी 21 हजार और 11 हजार रुपए इनाम राशि प्रदान की। अनिल रायपुर ने मंदिर कमेटी को अपनी ओर से 11 हजार रुपए दान राशि देने की घोषणा की। इस मौके पर आरपीएफ टीम डीएमएफसी के सेक्शन धारूहेड़ा क्षेत्र के सदस्य निरीक्षक विजेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, सतीश कुमार, रामनिवास, पुनीत ढ़ालियावास, डीपी सतीश, मंदिर कमेटी के प्रधान रघुवीर यादव, उप प्रधान रामकिशन पूर्व पंच, कोषाध्यक्ष जयसिंह, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश यादव, खेमराज नंबरदार, अजीत यादव, ढ़ालियावास के सरपंच प्रतिनिधि बलराज, अशोक पंच व जेई शुभम यादव मौजूद थे मंच संचालन सुधीर यादव ने किया।